# Model Question Paper, 2013

Subject : HINDI (MIL)

Class: X

**Group - A**

खण्ड-'क'

पूर्णांक - 75

1. दिए गए विकल्पों से निम्नलिखित प्रश्नों के शुद्ध उत्तर चयन करें : 1x10

क) 'बंदा' शब्द का आशय क्या है?

अ) बंदी

आ) सेवक

इ) नौकर

ई) आदमी

ख) ग्राम-वधूएँ सीता को वन-मार्ग पर चलने योग्य इसलिए नहीं मानती थीं, क्योंकि -

अ) सीता बड़े घर की बहू थीं।

आ) वे कोमलांगी थीं।

इ) वे थकी-थकी-सी लगती थीं।



ई) उन्हें चलने में संकोच होता था।

ग) कवि ने पत्थर तोड़ने वाली को देखा था -

अ) इलाहाबाद के पथ पर

आ) बनारस के पथ पर

इ) कानपुर के पथ पर

ई) गुवाहाटी के पथ पर

घ) जीवन की सबसे प्यारी और उत्तम वस्तु है -

अ) हँसी

आ) आनन्द

इ) कर्म

ई) पुस्तक

ङ) 'आनन्द' से बढ़कर बहुमूल्य वस्तु मनुष्य के पास नहीं है।' - यह कथन है -

अ) डा° ह्युड का

आ) हेरीक्लेस का

इ) डेमाक्रीटस का

ई) डा° ए. डब्लयु. कोल का

च) पढ़ाई समाप्त करने बाद मुंशी वंशीधर नमक विभाग के किस पद पर नियुक्त हुआ -

अ) कांस्टेबल

आ)दारोगा

इ) मैनेजर

ई) न्यायाधीश

छ) पंडित अलोपीदीन ने मुंशी वंशीधर को अपनी सारी जायदाद का -

अ) हिस्सेदार बनाया।

आ)मैनेजर बनाया।

इ) वारिस बनाया।

ई) मालिक बनाया।

ज) 'मैं तो खोखा को ईजीनियर बनाने जा रहा हूँ।' - यह कथन हे -

अ) सेन साहब का

आ)गिरधर का

इ) मि. सिंह का

ई) पत्रकार महोदय का

झ) लेखक श्री कमला प्रसाद के अनुसार वृक्ष का चरित्र-

अ) स्वामी का है

आ)सेवक का है

इ) शोषक का है

ई) साधु का है

ञ) नदी स्वभाव से नारी है, इसलिए इतनी -



अ) तेजी से बढ़ती है

आ)समुद्र में जा मिलती है

इ) सहनशील होती है

ई) कल-कल ध्वनि करती है

2. संक्षिप्त उत्तर दें : 3 x 6=18

क) कबीर ने धार्मिक बाह्याचारों का विरोध करते हुए किस पर ध्यान देने की बात कहते हैं?

ख) वन-मार्ग पर जाती सीता की दशा का वर्णन अपने शब्दों में करें।

ग) 'तोड़ती पत्थर' कविता का प्रतिपाद्य प्रस्तुत करें।

घ) भावार्थ स्पष्ट कीजिए -

"कल इनको मेरे प्राणों ने नहलाया था
कल इनको मेरे सपनों ने सहलाया था।"

ङ) पानी में उतरने के बाद लेखक की स्थिति का अपने शब्दों मे वर्णन करें।

च) "मदन हक्का-वक्का अपने पिता को देख रहा था।" - मदन के पिता ने आखिर ऐसा क्या किया था और क्यों?

3. संक्षेप में लिखें : 4 x 3=12

क) लेखक ने हँसने-हँसाने वालों को धन्य क्यों माना है?

ख) "पं. अलोपीदीन मानवीय गुणों के पारखी थे।" - इस कथन की पुष्टि करें।

ग) "पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्ष अनिवार्य है।" - ऐसा क्यों कहा जाता हैं, कारण समझाकर लिखें।

4. संदर्भ सहित व्याख्या करें : 5

क) "जब घायल हुआ हिमालय, खतरे में पड़ी आजादी।"
जब तक थी साँस लड़े वो, फिर अपनी लाश बिछा दी।"

अथवा

ख) "जब अन्त समय आया तो, कह गए कि अब मरते हैं।
खुश रहना देश के प्यारो ! अब हम तो सफर करते हैं।"

परिपुरक पाठ

5. पूर्ण वाक्य में उत्तर दें : 1 x 4=4

क) होशेकम झुककर क्यों चल रहा था?

ख) मोस्यू मलांदे क्या काम करता था?

ग) विनोद कान्ति के घर किसलिए आया था?

घ) 'मैं डांक्टर की दवा और डांक्टर दोनों को व्यर्थ समझाती हूँ।' - यह किसने कहा था?

6. संक्षेप में उत्तर दें : 3 x 2=6

क) मलांदे ने होशेकम पर जो आरोप लगाया था क्या वह सही था? उसने ऐसा क्यों किया?

ख) कान्ति विनोद के इलाज के लिए कौन-सा प्रयास करता है और क्यों?



व्याकरण और रचना

7. क) 1 +1=2

i) किन्हीं दो मुहावरों वाक्य में प्रयोग करें :
नौ दो ग्यारह होना, अंधे की लाठी, कलम तोड़ना जान पर खेलना।

अथवा

ii) निम्नलिखित लोकोक्ति का आशय वताएँ : 2
अकेला चड़ा भाना नही फोड़ सकता

ख) किन्ही दो शब्दो के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें: 1 +1=2
पानी, चाँद, आकाश, जंगल।

ग) किन्हीं चार शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखें : $^1/_2$ x 4=2
अमीर, उन्नति, विजय, सार्थक, निश्चित, प्रशंसा।

घ) किन्ही दो शब्द युग्मों के अर्थ का अन्तर स्पष्ट करें :
दिन-दीन, अन्न-अन्य, बहु-बहू, सुर-शुर

ङ) किन्ही दो पदों का विग्रह कर समास का नाम लिखें : 1 x 2=2
राजपुत्र, दशानन, सुख-दुख, यथाशीध्र।

च) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार निम्नलिखित वाक्यों को परिवर्तित करें : 1 x 2=2

i) वह खाना खाकर सो गया। (संयुक्त वाक्य में)

ii) स्वावलम्बी व्यक्ति सदा सुखी रहते हैं। (मिश्र वाक्य में)

छ) निम्नलिखित वाक्यांशो के लिए एक-एक शब्द लिखें: $^1/_2$ x 4=2

i) जिसका अन्त न हो

ii) कभी न मरनेवाला

iii) जो दूसरों का उपकार करता हो

iv) ईश्वर पर विश्वास न करने वाला

ज) निम्नलिखित व्याकों को शुद्ध करके फिर से लिखे: $^1/_2$ x 4=2

i) मैंने आज जाना है।

ii) तुम तुम्हारे घर चलो।

iii) हम भोजन खाते हैं।

iv) एक गीतों की किताब ला दीजिए।

8. खेलों की सामग्री की समुचित व्यवस्था हेतु आवेदन करके अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए। 4

अथवा

विद्यालय की छमाही परीक्षा में प्रथम आने की सूचना देते हुए नानाजी को एक पत्र लिखिए।



**Group - B**

खण्ड-'ख'

पूर्णांक - 25

9. पुर्ण वाक्य कें उत्तर दीजिए : 1 x 2=2

(क) आम के पेड़ों की डाली किससे लदी हुई होती है?

(ख) बगुले किसकी कंघी से कलगी सँवारते हैं?

10. उत्तर दीजिए : 2 x 2=4

(क) गरू बिहु कैसे मनाया जाता है?

(ख) 'ग्रामश्री' कविता कें वर्णित खेतों के सौन्दर्य पर संक्षेप कें प्रकाश उलिए।

11. 'रंगाली बिहु' को मनाने के तौर-तरीकों पर संक्षेप में आलोकपात कीजिए। 4

12. 'समय का सदुपयोग' अथवा 'परिश्रम का महत्व' विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए। 5

13. 'रस' से आप क्या समझते हैं? रसों की संख्या कितनी है? किस रस को 'रसराज' कहते है? इसका एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए। 2+1+1+1=5

14. 'उत्प्रेक्षा' अलंकार किसे कहते है? इस अलंकार मे संभावना की अभिव्यक्ति के लिए व्यवहार किए जानेवाले दो शब्दों का उल्लेख कीजिए।इस अलंकार का एक उदाहरण भी प्रस्तुत कीजिए।2+2+1=5